शोध निदेशालय
कोटा विश्वविद्यालय, कोटा
एम.बी.एस.रोड़ कोटा–324005
फोन नं. 0744-2471037

DIRECTORATE OF RESEARCH
UNIVERSITY OF KOTA, KOTA
MBS Road Kota-324005
Phone No.: 0744-2471037
E-mail : research@uok.ac.in

पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा–अगस्त 2023

अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक अनुदेश (संशोधित)

सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि :–

1. पीएच.डी. प्रवेश कार्यक्रम 2023 हेतु विज्ञापित कुल 27 विषयों की प्रवेश परीक्षा दिनांक 05.08.2023 को दोपहर 2:00 बजे से सांय 4:30 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जा रही है।
2. परीक्षार्थीयों को प्रवेश पत्र (Admit Card) इस कार्यालय की ई–मेल research@uok.ac.in से संबंधित अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में लिखी गई ई–मेल पर भिजवाये जा चुके हैं। सभी अभ्यर्थी प्रवेश पत्र (Admit Card) को प्रिंट कराकर साथ में लावें।
3. प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले Exempted Category में आवेदन करने वाले सभी आवेदकों की **पात्रता की जॉच** उनके द्वारा भरे गये आवेदन पत्र/Form के साथ संलग्न दस्तावेजों के आधार पर प्रवेश परीक्षा के उपरान्त की जावेगी अर्थात परीक्षा शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों की अभ्यर्थिता पूर्णतः अस्थायी है। **पात्रता सही पाये जाने की स्थिति में ही योग्य अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा।**
4. **परीक्षार्थी परीक्षा में प्रविष्ट होने के लिए अपने दो नये Passport Size Photo के साथ Original Photo Identity Card (Voter ID/Aadhar card/Driving License etc.) आवश्यक रूप से साथ लाये, यदि कोई अभ्यर्थी अपने साथ उपरोक्त दस्तावेज लेकर नहीं आता हैं, तो उसे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।**
5. परीक्षा हेतु OMR Sheet में लिखने के लिए Blue/Black Ball Point Pen साथ लाये।
6. प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ होगा तथा प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प होगे जो ABCD/अ ब स द के क्रम मे होगें, अभ्यर्थी को OMR Sheet में यथा स्थान दिये गये कोष्ठक मे सही उत्तर अंकित करना होगा। ऋणात्मक अंकन प्रकिया नही है।
7. **परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शुरू होगी अतः परीक्षा शुरू होने से आधा घण्टा पूर्व अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना आवश्यक है। परीक्षा हेतु दोपहर 1:50 बजे के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नही दिया जायेगा।**
8. उत्तर केवल OMR Sheet मे ही देना है, अतः OMR Sheet एवं प्रश्न पत्र पुस्तिका वीक्षक को सौंपने के बाद ही परीक्षा हॉल छोड़े।
9. Photo Identity Card एवं प्रवेश पत्र पर लगी फोटो के मिलान होने पर ही परीक्षा हेतु प्रविष्ट होने दिया जायेगा।
10. परीक्षा केन्द्र में प्रतिबंधित सामग्री जैसे पुस्तकें, कागज के टुकडे, पत्रिकाएं, इलैक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स (मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, हैडफोन, पेन–बटन होल कैमरा, स्कैनर, केलकुलेटर, स्टोरेज डिवाइस आदि) लाना सख्त वर्जित है यदि ऐसी कोई सामग्री परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी के पास पाई जाती है तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है और उसके विरूद्ध कानूनी/आपराधिक कार्यवाही की जा सकती हैं।
11. अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता पूर्णतः अस्थायी है। अभ्यर्थियों/परीक्षार्थियों को यह सलाह दी जाती है कि स्वयं यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे पात्रता की समस्त शर्तो को पूरा करते है। यदि किसी भी समय अथवा स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता की किसी शर्त को पूरा नही करता है तो उसकी अभ्यर्थिता स्वतः निरस्त मानी जावेगी।
12. परीक्षार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा के दौरान शान्ति बनायें रखें तथा प्रश्न–पत्र के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की शिकायत/आपत्ति हो तो, वे परीक्षा समाप्ति के पश्चात् आधे घंटे के भीतर केन्द्राधीक्षक को Grievance हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।